# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
## हरिद्वार– 249404

UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

संख्या : 584/81/06/डी0आर0/(मा0शि0)/सेवा–1/2025–26 दिनांकः 30 दिसम्बर, 2025

## उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2025

## विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्याः **: A-3/S-1/DR(L.I.C)/2025,** दिनांक 30 दिसम्बर, 2025 के माध्यम से **उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2025** के अंतर्गत रिक्त 808 पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु विज्ञापन की शर्तानुसार पात्र अभ्यर्थियों से आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 से ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | :: | 30 दिसम्बर, 2025 |
| ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | :: | 31 दिसम्बर, 2025 |
| ऑनलाइन आवेदन किए जाने एवं आवेदन शुल्क– Net Banking/Debit Card/Credit Card/ UPI द्वारा जमा किए जाने की अंतिम तिथि | :: | 20 जनवरी, 2026 (रात्रि 11.59.59 बजे तक) |
| ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन किए जाने की प्रारम्भिक तिथि | :: | 28 जनवरी, 2026 |
| ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन किए जाने की अंतिम तिथि | | 06 फरवरी, 2026 (रात्रि 11.59.59 बजे तक) |

**2. पूर्व में जारी विज्ञापन संख्या:** A-3/S-1/DR(L.I.C)/2024, **18 अक्टूबर, 2024 के क्रम में प्रवक्ता पद हेतु ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन के सापेक्ष पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उक्त अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नगत पदों के सापेक्ष पूर्व में किये गये आवेदन** (कला विषय को छोडकर) **मान्य होंगे।**

***उक्त के अतिरिक्त ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के सापेक्ष आवेदन कर चुके है, परन्तु नवीन विज्ञापन के सापेक्ष पुनः आवेदन करना चाहते है वे अपना पूर्व में किया गया ऑनलाइन आवेदन निरस्त (Cancel) कर नवीन आवेदन कर सकते है, किन्तु इस दशा में जमा किया गया शुल्क वापस नहीं होगा अर्थात् अभ्यर्थी को नवीन ऑनलाइन आवेदन पत्र के सापेक्ष पुनः आवेदन शुल्क जमा करना होगा। ऐसे अभ्यर्थियों हेतु आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2025 एवं अन्य अर्हताओं की निश्चायक तिथि आवेदन की अंतिम तिथि रहेगी।***

**3.** शासन के पत्र संख्याः–276311/XXIV-B-1/2025–17(02)/2008, दिनांक 18 फरवरी, 2025 के क्रम में आयोग द्वारा विज्ञापन संख्याः : A-3/S-1/DR(L.I.C)/2024, दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 के माध्यम से उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2024 के अंतर्गत विज्ञापित पदों में सम्मिलित प्रवक्ता–कला (सामान्य शाखा) के 02 पदों को विज्ञापन से हटा दिया गया था।

**तद्क्रम में विज्ञापन दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 के सापेक्ष प्रवक्ता–कला, सामान्य शाखा हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों का ऑनलाइन आवेदन निरस्त किया जाता है। वर्तमान में जारी होने वाले विज्ञापन में प्रवक्ता–कला, सामान्य शाखा के अंतर्गत विज्ञापित पदों के सापेक्ष उल्लिखित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता धारित करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत विज्ञापन दिनांक 30 दिसम्बर, 2025 के सापेक्ष आवेदन कर सकते है।**

अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रकाशित विज्ञापन में वर्णित समस्त शर्तों/निर्देशों का भली–भाँति अवलोकन अवश्य कर लें।

**Sd/-**
**(जयवर्धन शर्मा)**
**प्रभारी सचिव।**